प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में समूह-ख अधिकारियों के लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी

139 अभ्यर्थियों का चयन किया गया

लखनऊ। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में समूह-ख के अधिकारियों की भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। साक्षात्कार के लिए कुल 139 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में असिस्टेंट इन्वायरमेंट ऑफिसर के 26 रिक्त पदों और असिस्टेंट साइंटिफिक ऑफिसर के 14 रिक्त पदों के लिए 27 अप्रैल को कम्प्यूटर आधारित टेस्ट (लिखित परीक्षा) ली गई थी। इस परीक्षा का आयोजन आईआईटी कानपुर ने कराया था। सोमवार को रिजल्ट जारी कर दिया गया। 40 पदों के सापेक्ष 139 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। ब्यूरो

बिल में 10% वसूली जारी दस्तावेज के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन ने मांगा समय

लखनऊ। राज्य विद्युत नियामक आयोग को बिना दस्तावेज उपलब्ध कराए पॉवर कॉर्पोरेशन 10 फीसदी ईंधन अधिभार वसूल रहा है। जबाब देने के लिए कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक ने सोमवार को आयोग से दो सप्ताह का समय मांगा है। पॉवर कॉर्पोरेशन ने जून के बिल में 10% ईंधन अधिभार वसूलने का आदेश दिया था। आयोग ने इस आदेश को गलत बताते हुए कॉर्पोरेशन को नोटिस जारी किया था। सप्ताहभर में ईंधन अधिभार से संबंधित दस्तावेज मांगे थे, लेकिन कार्पोरेशन अब तक कोई दस्तावेज नहीं दे सका है। सोमवार को कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक नीतिश कुमार ने आयोग को पत्र लिखकर दस्तावेज देने के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। ब्यूरो

माध्यमिक विद्यालयों के सरप्लस शिक्षकों की सूची 12 को आएगी

18 तक शिक्षक डीआईओएस कार्यालय में तबादले के लिए करेंगे आवेदन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया 12 जून से शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सोमवार को इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें सरप्लस के लिए स्वतः आवेदन करने वाले शिक्षकों को बेहतर विकल्प मिल सकेगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी निर्देश के अनुसार 12 जून तक डीआईओएस एनआईसी की वेबसाइट पर सरप्लस शिक्षकों की सूची जारी करेंगे। शिक्षक 18 जून तक डीआईओएस ऑफिस में ऑनलाइन आवेदन करेंगे। डीआईओएस 25 जून तक आवेदन पत्रों का परीक्षण कर अनुमोदन डीआईओएस को निर्देश दिया है कि जोन एक में जिले की नगरीय सीमा या जिला मुख्यालय से आठ किमी की दूरी मानी जाएगी। जोन दो में जिले में तहसील मुख्यालय से दो किमी की दूरी मानी जाएगी। जोन तीन में उपरोक्त से अतिरिक्त क्षेत्र के विद्यालय आएंगे। शासन ने जोन वाइज शिक्षकों के लिए मानक तय किए हैं।

निदेशक ने सरप्लस शिक्षकों के निर्धारण के लिए भी विस्तृत मानक की व्याख्या की है। उन्होंने कहा है कि नई नियुक्ति-तैनाती में जोन तीन में सबसे पहले नियुक्ति-तैनाती की जाएगी। इसकी न्यूनतम अवधि तीन साल की होगी। पहले चरण में सरप्लस शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित श्रेणी के शिक्षकों को तबादले का विकल्प दिया जाएगा।

सरप्लस वाले शिक्षकों को खुद आवेदन पर मिल सकेगा बेहतर विकल्प

माध्यमिक शिक्षा निदेशक को भेजेंगे। 30 जून तक शिक्षकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।

उन्होंने कहा है कि सरप्लस शिक्षकों से मिले विकल्पों पर तैनाती के लिए तय मानक के आधार पर वरीयता क्रम में रखा जाएगा। वहीं सरप्लस शिक्षक यदि अपनी नई तैनाती के लिए खुद आवेदन नहीं करते हैं तो खाली पद के सापेक्ष उन्हें किसी भी विद्यालय में समायोजित या स्थानांतरित कर दें। सरप्लस शिक्षकों के निर्धारण के लिए सबसे आखिर में आने वाले शिक्षकों को सबसे पहले तबादला होगा। उन्हें सरप्लस माना जाएगा। निदेशक ने सभी शिक्षकों को टीईटी से राहत देने की मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (तिवारी गुट) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा से मिला। शिक्षकों ने प्रदेश में कार्यरत सभी शिक्षकों की सेवाएं सुरक्षित करने, 01 अप्रैल 2005 से पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन देने की मांग उठाई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी व अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा कि शिक्षकों के तबादले किए जाएं तथा गर्मी की छुट्टियों में जनगणना कार्य के बदले उपार्जित अवकाश दिया जाए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि टीईटी के बाद विभागीय परीक्षा कराने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने गर्मी की छुट्टियों में जनगणना का कार्य कर रहे शिक्षकों को नियमानुसार अर्जित अवकाश दिए जाने पर सकारात्मक विचार करने का भरोसा दिया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल में अमित सिंह, अभिषेक सिंह, बलवंत सिंह, मंजूर इलाही, राजीव सिंह आदि शामिल थे। ब्यूरो

पीडब्ल्यूडी : तबादलों की समयसीमा बढ़ी, अब 30 जून तक हो सकेंगे

लखनऊ। सरकार ने पीडब्ल्यूडी में तबादलों के लिए समय सीमा बढ़ा दी है। स्थानांतरण नीति के तहत तबादले 31 मई तक ही किए जा सकते थे, लेकिन पीडब्ल्यूडी के लिए यह तिथि बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। आदेश अभियंताओं और कर्मचारियों के लिए लागू होगा। इस संबंध में शासन के विशेष सचिव प्रभुनाथ ने आदेश जारी कर दिया है। ब्यूरो

आईईटी और कैस में अत्याधुनिक ब्रांच से एमटेक के लिए मारामारी

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के घटक संस्थानों इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) व सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज (कैस) में बीटेक के साथ ही एमटेक प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इन संस्थानों में एमटेक की प्रमुख ब्रांच में प्रवेश के लिए काफी दावेदार हैं। यहां प्रवेश के लिए कड़ी मशक्कत होगी।

आईईटी में पावर एंड एनर्जी सिस्टम, एआई एंड डाटा साइंस, इनवायरमेंटल एनर्जी, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एमटेक प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इन ब्रांच में 18-18 सीटों पर प्रवेश होंगे। आवेदन 28 जून तक होंगे। इन कॉर्स में प्रवेश के लिए गेट व सयुईटी पीजी के क्वालीफाई छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। गेट क्वालीफाई छात्रों को निर्धारित स्टाइपेंड भी दिया जाएगा।

इसी तरह कैस में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एंड ऑटोमेशन, मेकाट्रॉनिक्स, एनर्जी साइंस एंड टेक्नोलॉजी और नैनोटेक्नोलॉजी ब्रांच में एमटेक में प्रवेश होगा। सभी में 18-18 कुल 90 सीटें हैं। प्रवेश के लिए आवेदन 30 जून तक होंगे। इसमें भी प्रवेश गेट व सीयूईटी पीजी क्वालीफाई छात्र आवेदक होंगे। इसके बाद खाली सीटों पर अपनी प्रवेश परीक्षा से भी प्रवेश होंगे।

बीटेक में 50 हजार रजिस्ट्रेशन : एकेटीयू व संबद्ध कॉलेजों में बीटेक प्रवेश प्रक्रिया भी काफी तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके तहत 25 मई से शुरू हुई रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में अब तक 50 हजार छात्रों ने प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें 20 हजार ने शुल्क जमाकर निर्धारित प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। ब्यूरो

गृह जिले में भेजने के लिए बिना पद वाले अस्पताल में कर दी तैनाती

उप मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजा गया शिकायती पत्र

लखनऊ। स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग संवर्ग के तबादलों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। कई नर्सिंग कर्मियों को गृह जिले में भेजने के लिए बिना पद वाले अस्पतालों में तैनात कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के कई अस्पताल नर्सिंग कर्मियों की कमी से जूझ रहे हैं।

प्रदेश में नर्सिंग कर्मियों के तीन हजार से अधिक पद खाली हैं। ये पद केवल उन्हीं अस्पतालों में सृजित हैं जहां मरीज भर्ती होते हैं। इसके बावजूद तबादला सूची में नियमों का उल्लंघन किया गया है। नर्स अनुभव की कौशांबी से उनके गृह जिले प्रयागराज भेजा गया। उन्हें उच्च न्यायालय प्रयागराज के अस्पताल में तैनात किया गया। इस अस्पताल में नर्स का कोई पद नहीं है। महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने अपर मुख्य सचिव के आदेश पर अनुपमा की तैनाती का पत्र जारी किया। हालांकि, महानिदेशक इस मामले पर कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। ब्यूरो

उच्च स्तरीय जांच की मांग

राजकीय नर्सेज संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। उन्होंने आरोप लगाया कि अपर मुख्य सचिव के आदेश पर बिना पद वाले अस्पताल में तैनाती हो सकती है। फिर अन्य कर्मियों के लिए गृह जिले में तैनाती का शासनादेश क्यों नहीं जारी हुआ। महामंत्री ने विभाग के अफसरों पर नियमों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

एकीकृत आयुष कॉलेजों के लिए मिली जमीन

लखनऊ। प्रदेश में खुलने वाले पांच नए एकीकृत आयुष चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के लिए जमीन मिल गई है। जल्द से जल्द इसका निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से हर मंडल में एक-एक एकीकृत आयुष कॉलेज शुरू किया जा रहा है। प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने बताया कि देवीपाटन मंडल में गोंडा के विकास खंड वजीरगंज के ग्राम कोडर में लगभग 14.82 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। ऐसे ही मिर्जापुर, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा और बस्ती मंडलों में भूमि चिह्नित की गई है। इनमें से चार मंडलों में जमीन पहले ही आयुष विभाग के नाम दर्ज है, जबकि बस्ती में भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आयुष महानिदेशक चैत्रा वी ने बताया कि नए आयुष महाविद्यालय केवल शिक्षा संस्थान नहीं होंगे, बल्कि शोध और नवाचार के केंद्र के रूप में भी विकसित किए जाएंगे। ब्यूरो

बिजली कर्मियों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऊर्जा प्रबंधन की नीतियों पर असंतोष जताया है। लिखित समझौतों का पालन नहीं करने और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि 3 दिसंबर 2022, 19 मार्च 2023 के समझौते का अभी तक पालन नहीं किया गया। इससे पूरे प्रदेश के बिजली कर्मियों में असंतोष और निराशा है। संघर्ष समिति ने पॉवर कॉर्पोरेशन प्रबंधन से मांग की है कि वह मार्च 2023 के आंदोलन से संबंधित सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को तत्काल वापस ले। समिति ने 3 दिसंबर 2022 और 19 मार्च 2023 के समझौतों के सभी बिंदुओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। ब्यूरो

जनगणना के पहले चरण का काम

60 फीसदी पूरा: लखनऊ। जनगणना के पहले चरण का काम करीब 60 फीसदी पूरा हो गया है। जनगणनाकर्मी घर घर जाकर फॉर्म भर कर डाटा ऑनलाइन फीड कर रहे हैं। कुछ ऐसे भी जिले हैं जहां पर 90 फीसदी से अधिक काम हो चुका है। 20 जून तक कार्य पूरा करना है। जहां पर कार्य धीमा है वहां के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में 22 मई से पहले चरण का कार्य शुरू हुआ था। इसके तहत जनगणना कर्मी मकानों की गणना कर रहे हैं। ब्यूरो

राममंदिर में गबन की खबरों ने बढ़ाया राजनीतिक ताप

लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर के दानपात्र से कथित गबन का मुद्दा गर्मा गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर अफवाह फैलाना का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी सोच बाबरवादी है। वहीं, विपक्ष ने देश के सामने जांच कर रिपोर्ट रखने की मांग की है। अखिलेश यादव ने एक बार फिर मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के बयान पर सवाल उठाए हैं।

ब्रजेश पाठक ने एक्स पर लिखा, सपा मुखिया ने कभी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान नहीं किया। उनकी सोच बाबरवादी है। श्रीराम मंदिर निर्माण से पहले भूमि पूजन पर भी आपके कोई शब्द नहीं निकले। जब अयोध्याधाम में भव्य वास्तुकला मूर्त रूप ले रही थी, तब भी आप शांत रहे। प्रभु श्रीराम का विग्रह स्थापित होने पर भी कोई स्वागत नहीं किया।



ब्रजेश पाठक

पाठक ने आगे लिखा, अखिलेश अब अफवाह फैलाकर झूठ गढ़ने का असफल प्रयास कर रहे हैं। भारत दुनिया में सनातन संस्कृति का वाहक राष्ट्र है। अखिलेश अपनी सोच को सनातन संस्कृति के विरुद्ध न करें। आने वाले दिनों में सपा को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। आपके झूठ का नेरेटिव कभी सफलता तक नहीं पहुंचेगा। प्रदेश के लोग सपा की कारगुजारियों को अच्छी तरह से समझ चुके हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राम मंदिर चंदा चोरी का प्रकरण गंभीर है। इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। सफाई देने के बजाय जांच रिपोर्ट देश की जनता के सामने रखी जाए। यह लोगों की आस्था से जुड़ा मसला है। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ब्यूरो

भाजपा व ट्रस्ट को देश के सामने जवाब देना चाहिए : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि आरोप चिंताजनक हैं। भाजपा शासन में देश के संसाधनों और जनता के अधिकारों पर हमले हो रहे हैं। पार्टी लगातार राम मंदिर के दान पात्र में गड़बड़ी का सवाल उठा रही है। भाजपा और ट्रस्ट को देश के सामने जवाब देना चाहिए।

उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश)

अभिलेख/पाण्डुलिपि संरक्षण कार्यशाला

उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग द्वारा अभिलेख/पाण्डुलिपि संरक्षण कार्यशाला का आयोजन (दिनांक 15 जून से 19 जून, 2026) तक अपराह्न 2:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक लखनऊ में किया जा रहा है। न्यूनतम अर्हता स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना निर्धारित है। इच्छुक प्रतिभागी उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ में ऑफलाइन/ऑनलाइन माध्यम से निःशुल्क कार्यशाला हेतु दिनांक 12 जून, 2026 तक पंजीकरण कर सकते हैं। विस्तृत विवरण कार्यालय की वेबसाइट https://uparchives.up.nic.in पर उपलब्ध है।

निदेशक
उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ

www.upgov.nic.in
Upid- 252305 Dt. 08.06.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, प्रयागराज

प्रेस विज्ञप्ति (अल्पकालीन निविदा सूचना)

पत्रांक : 924/5ए/2026 दिनांक : 16.05.2026

1. महानिदेश राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोनिविवि प्रयागराज में लोक निर्माण विभाग के कार्य हेतु पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों पर अधोलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित करते हैं।
2.

क्र. स.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू. में)	धरोहर धनराशि (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा/ऋतु सहित)	ठेकेदारी का अनुभव
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रयागराज	विकास खण्ड श्रृंगवेरपुर में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में मंसूराबाद से मेण्डारा मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	720000.00	72000.00	500+225/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
2	प्रयागराज	विकास खण्ड श्रृंगवेरपुर में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में आनापुर तालाब से बरना डिग्री कालेज मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	550000.00	55000.00	500+225/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
3	प्रयागराज	विकास खण्ड कौडिहार में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में खिदिरपुर से मकरी खोहवा डांडी कमरा का पूरा मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	710000.00	71000.00	500+225/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेत

बिड डाक्यमेंट कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोनिविवि, प्रयागराज से दिनांक 10.06.2026 से 15.06.2026 (अपरान्ह 12:00 बजे) तक कार्यालय से ही खरीदें जा सकते हैं। भरे हुए बिड डाक्यूमेंट निविदा बॉक्स में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोनिविवि, प्रयागराज पर दिनांक 16.06.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक डाले जायेंगे। प्राप्त बिड दिनांक 17.06.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज के कार्यालय में समिति के माध्यम से खोली जायेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लोनिविवि0
प्रयागराज

www.upgov.nic.in
Upid-252318 Dt.08.06.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, प्रयागराज

प्रेस विज्ञप्ति (अल्पकालीन निविदा सूचना)

पत्रांक : 982/5ए/2026 दिनांक : 23.05.2026

1. महानिदेश राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोनिविवि प्रयागराज में लोक निर्माण विभाग के कार्य हेतु पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों पर अधोलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित करते हैं।
2.

क्र. स.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू. में)	धरोहर धनराशि (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा/ऋतु सहित)	ठेकेदारी का अनुभव
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में एकौनी सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	435000.00	43500.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
2	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में कोडा बरांव से धधुआ ताल छेड़िया गहरवारी सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	720000.00	72000.00	500+225/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
3	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में टिकरी ताल कुलमई धोबियान बस्ती सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	350000.00	35000.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
4	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में कत्रुना जाटी से सेहरा मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	410000.00	41000.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
5	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में अकोइा कुआं से जोखनई मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	515000.00	51500.00	500+225/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
6	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में ग्रामस्तना सोहिया में नागेश तिवारी के घर से होते हुए तिराहा पाल बस्ती विजय का पुरा गयत्री पाण्डेय के घर तक सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	495000.00	49500.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
7	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में बरतरा जाटी मार्ग (ग्रामीण) से किमी–11 से चौकदा सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	365000.00	36500.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
8	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में ग्राम सभा धरी में पश्चिमान बस्ती मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	345000.00	34500.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
9	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में कोडा बरांव धधुआ घाट मार्ग से ग्राम सभा पीढ़ी दाल मिल पश्चिमान बस्ती, हरिधन बस्ती सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	436000.00	43600.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
10	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में मुख्य नहर पड़ोसर से चन्द्रशेखर स्कूल भगाही निवासी संजई सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	525000.00	52500.00	500+225/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
11	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में बारी बजहिया बड़गोहना कला मार्ग से बड़गोहना खुर्द सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	795000.00	79500.00	500+225/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
12	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में बड़गोहना कला पुलिया से कलवार बस्ती सम्पर्क मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	710000.00	71000.00	500+225/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
13	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में पियरहटा नहर (विकास खण्ड कौंधियारा) से देवरा चौराहा तक मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	432000.00	43200.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
14	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में रीवां मार्ग से बेलना तक मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	485000.00	48500.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु
15	प्रयागराज	विकास खण्ड कौंधियारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में गड्डामुक्ति योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में काटी से गोटी मार्ग एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	345000.00	34500.00	500+150/-+GST	02 माह	मार्ग कार्य हेतु

बिड डाक्यमेंट कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोनिविवि, प्रयागराज से दिनांक 10.06.2026 से 15.06.2026 (अपरान्ह 12:00 बजे) तक कार्यालय से ही खरीदें जा सकते हैं। भरे हुए बिड डाक्यूमेंट निविदा बॉक्स में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोनिविवि, प्रयागराज पर दिनांक 16.06. 2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक डाले जायेंगे। प्राप्त बिड दिनांक 17.06.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज के कार्यालय में समिति के माध्यम से खोली जायेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लोनिविवि0, प्रयागराज

www.upgov.nic.in
Upid-252320 Dt.08.06.2026

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य) पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदायें आमंत्रित करते हैं। क्र0 सं0 1. निविदा सूचना संख्या: ई–निविदा–एल–18–26–27 **कार्य का नाम:** 1. सीमित दृश्यता के कारण TVU की परवाह किए बिना सम्पार फाटकों के इंटरलॉकिंग का प्रावधान, RTU एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सहित। (कुल 08 सम्पार फाटक) 2. वाराणसी मंडल में 20,000 से अधिक TVU वाले सम्पार फाटकों के इंटरलॉकिंग का प्रावधान RTU एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सहित। (DDA-MHC-4C एवं MAU-SHG-31C) (कुल 02 सम्पार फाटक) 4. वाराणसी मंडल में 50,000 से अधिक TVU वाले सम्पार फाटकों के इंटरलॉकिंग का प्रावधान, RTU एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सहित (SQW-RTU-35 Sp1 एवं POU-KCT-64 Sp1) (कुल 02 सम्पार फाटक) के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:** 5555380.13 **अमानत राशि:** 111100.00 **कार्य समापन का समय :** 04 महीने। **निविदा सामपन की तिथि एवं समय :** 30.06.2026 14:30 बजे। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 30.06.2026 14:30 बजे। क्र0 सं0 2. निविदा सूचना संख्या: ई–निविदा–एल–19–26–27 **कार्य का नाम:** पीआरआरसी–सीपीआर खंड के अंतर्गत पीआरआरसी–बीएलआरएस सेक्शन (23 अवद) के ब्लॉक खंडों में ऑटो रिले हटों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:** 4481533.90 **अमानत राशि:** 89600.00 **कार्य समापन का समय :** 04 महीने। **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** 30.06.2026 14:30 बजे। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 30.06.2026 14:30 बजे। क्र0 सं0 3. निविदा सूचना संख्या: ई–निविदा–एल–20–26–27 **कार्य का नाम:** मघोसीसेर में नए टावर वैगन शेड के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:** 869747.52 **अमानत राशि:** 17400.00 **कार्य समापन का समय :** 04 महीने। **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** 30.06.2026 14:30 बजे। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 30.06.2026 14:30 बजे। क्र0 सं0 4. निविदा सूचना संख्या: ई–निविदा–एल–21–26–27 **कार्य का नाम:** राजगढ़ी–नवरात्र स्टेशन खंड के मध्य स्थित नए बंगरा हॉल्ट के निर्माण के संबंध में स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म एवं अन्य संबद्ध सुविधाओं हेतु विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:** 828171.19 **अमानत राशि:** 16600.00 **कार्य समापन का समय :** 04 महीने। **निविदा समापन की तिथि एवं समय :** 30.06.2026 14:30 बजे। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 30.06.2026 14:30 बजे। उपरोक्त ई–निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये

वरि0 मंडल विद्युत इंजी0/सामान्य
मुजाभि/विद्युत–62 वाराणसी

ट्रेनों में बीडी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–नीलामी आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी का आयोजन किया गया है:–

ई–नीलामी कैटलाग सं: BSB-MSS-PS-0526

कार्य का विवरण	लोकेशन	अनुबंधी की अवधि	ई-नीलामी की तिथि	ई-नीलामी का समय
मऊ स्टेशन पर स्लीपिंग स्टोर का निर्माण एवं संचालन हेतु स्थान आवंटन के सम्बन्ध में।	सर्कुलेटिंग एरिया	15 वर्ष	11-06-2026	12:00-12:30
मऊ स्टेशन पर प्रीमियम स्टोर का निर्माण एवं संचालन हेतु स्थान आवंटन के सम्बन्ध में।		15 वर्ष	11-06-2026	12:00-12:40
बलिया स्टेशन पर प्रीमियम स्टोर का निर्माण एवं संचालन हेतु स्थान आवंटन के सम्बन्ध में।		15 वर्ष	11-06-2026	12:00-12:50

ई–नीलामी कैटलाग सं: BSB-PU-Mix-0526

क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, गाजीपुर के निकट फूड कैफे का निर्माण का संचालन।	Near ZRTI	05 वर्ष	11-06-2026	12:00-12:30
लोको पायलट रनिंग रूम, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी के पास स्टाफ कैंटीन का निर्माण एवं संचालन।	Near Kashi Holiday Home	05 वर्ष	11-06-2026	12:00-12:40

अमानत राशि (रू.में): कॉन्ट्रेक्